संक्षिप्त

चेटीचण्ड महोत्सव की तैयारी

अजमेर । पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति की ओर से चेटीचण्ड 2025 के अवसर पर आयोजित होने वाले 11वें ग्यारहवें पखवाडा महोत्सव की तैयारी बैठक 9 फरवरी को आयोजित की जायेगी। अध्यक्ष कवंलप्रकाश किशनानी ने बताया कि रविवार 9 फरवरी 2025 को सांय 4 बजे से रसोई बैक्विंट हॉल, चौथी मजिल, स्वामी कॉम्पलेक्स, अजमेर पर बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में शहर की अलग अलग धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक व व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित होकर पखवाडे में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा करेगें। बैठक में पदाधिकारियों के साथ युवा व मातृषक्ति भी उपस्थित रहेगी। उल्लेखनीय है कि विगत् 10 वर्षो से समिति सभी संगठनों के सहयोग से चेटीचण्ड के पावन पर्व पर लगातार धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

नेत्र शिविर आज

मेड़ता सिटी । गुरु हस्ती नेत्र चिकित्सालय पीपाड़ , जिला अंधता निवारण समिति , श्री किशनदेव महाराज छतरीधाम , दादोसा परिवार व भारत विकास परिषद मेड़ता तथा मीरा लैंब मेड़ता के सयुक्त तत्वाधान में स्व शांति देवी धर्मपत्नी स्व रामनारायण तोलुंबिया गोटन मेड़ता की पुण्य स्मृति में 157 वा विशाल आंखों का नि:शुल्क जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का शनिवार 8 फरवरी को छतरी धाम में आयोजन किया जाएगा । आयोजन को लेकर शिविर आयोजनकर्ता प्रचार प्रसार में जुटे हैं। शिविर को लेकर चारभुजा मंदिर व अन्य जगह में प्रचार प्रसार करने में जुट हे। शिविर आयोजन कर्ता भगवती लाल टेलर ने बताया कि आगामी 8 फरवरी शनिवार को गुरु हस्ती नेत्र चिकित्सालय पीपाड के नेत्र विशेषज्ञ डॉ साहिल भंडारी , डॉ महक भंडारी द्वारा छतरी धाम में शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें शिविर लाभार्थियों को अपना आधारकार्ड साथ लेकर आना हे। इस मौके पर प्रचार प्रसार में महेश सेन , हिम्मत सिंह, खुशबू टाक, विकास टाक, सपना, रिंकू लव्यांश, चार्विंक , महेंद्र टेलर सहित परिवार के सदस्यों सहित अन्य ने प्रचार प्रसार किया ।

कानून समिति की बैठक आयोजित

भीलवाड़ा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु की अध्यक्षता में शुक्रवार को सिटी कोतवाली में शांति एवं कानून समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ज़िला कलेक्टर संधु द्वारा शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों की समीक्षा की गई साथ ही आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान, जिला कलक्टर संधु ने क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की। उन्होंने पुलिस विभाग को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए, साथ ही यातायात व्यवस्था को सुधारने के निर्देश भी दिये। ज़िला कलेक्टर ने शहर में उच्चतम साफ़ सफ़ाई सुनिश्चित करने एवं आवारा पशुओं के प्रबंधन हेतु नगर निगम को पाबंद करने की बात कही। बैठक में ज़िला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव ने जिले में सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए आवश्यक उपायों पर भी चर्चा की साथ ही यातायात व्यवस्था बेहतर करने हेतु मुख्य चौराहों एवं गलियों में ट्रेफिक जाप्ता बढ़ाने की बात कही । जिला कलक्टर श्री संधु ने समिति सदस्यों से जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारसमल जैन , सी ओ सिटी मनीष बड़गुर्जर , प्रशिक्षु आईपीएस जतिन जैन , थाना प्रभारी गजेंद्र नरुका सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

भीलवाड़ा महोत्सव 2025 शुरु

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा महोत्सव 2025 की भव्य शुरुआत आज से हो चुकी है, जिसमें शिल्प, संस्कृति और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। 8 फरवरी का दिन खेल, कला और संगीत के शानदार आयोजनों से सराबोर रहेगा, जहां शहरवासी विभिन्न गतिविधियों का लुत्फ उठा सकेंगे। महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत सुबह 8 बजे सुखाड़िया स्टेडियम में क्रिकेट मुकाबले से होगी, वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए स्मृति वन, इको पार्क और हमीरगढ़ में ईको वॉक का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे पुलिस लाइन में शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी, जो रोमांचक अनुभव प्रदान करेगी। लोक संस्कृति और परंपरा को जीवंत करते हुए सुबह 11 बजे चित्रकूट धाम में कई कार्यक्रम होंगे।

यूजर चार्ज के विरोध में व्यापारियों का प्रदर्शन

अजमेर । नगर निगम द्वारा यूजर चार्ज वसूलने के लिए व्यापारियों को परेशान करने के विरोध में शुक्रवार को श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में व्यापारियों ने शहर के 10 प्रमुख बाजार में अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि

- 10 बाजारों में दुकानें रखी बंद
- अनिश्चितकालीन आंदोलन की दी चेतावनी

यदि निगम द्वारा यूजर चार्ज की वसूली जारी रखी तो शहर में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा।

श्री अजमेर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष महेंद्र बंसल व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि निगम व्यापारियों को अनावश्यक रूप से परेशान कर रहा है। व्यापारी पहले से ही हर प्रकार का टैक्स अदा कर रहे हैं। उसके बावजूद सफाई के नाम पर अतिरिक्त टैक्स वसूला जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है।

व्यापारियों के साथ यह अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बंसल ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से यह विरोध प्रदर्शन जारी है, लेकिन निगम प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया है। उन्होंने कहा यदि निगम ने अपना रवैया नहीं बदलाए तो व्यापारी मजबूरन अनिश्चितकालीन बाजार बंद करवाएंगे। लालवानी ने बताया कि शुक्रवार को झूलेलाल चौक, चांद बावड़ी, ईदगाह रोड, सब्जी मंडी सहित 10 से अधिक बाजार बंद रखे गए। झूलेलाल चौक पर सभी व्यापारी एकत्रित हुए और निगम प्रशासन के खिलाफ बाजारों में नारे लगाते हुए रैली निकाली।

अजमेर में यूजर चार्ज के विरोध में बाजारों में दुकानें बंद रखी गई।

शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 37 वें दिन भी जारी

शाहपुरा । जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर क्रमिक अनशन धरने पर खारोल समाज के सदस्य बन्ना लाल खारोल और पन्नालाल खारोल नेतृत्व में शाहपुरा को यथावत जिला बनाये रखने की मांग करते हुए जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में सैकड़ो की संख्या में खारोल समाज के समाजजन सावरलाल रामेश्वर जगदीश बनवारी नंदा खारोल रामनाथ श्रीकिशन खारोल राजू खारोल लक्ष्मण खारोल पन्नालाल खारोल सहित कई सदस्य क्रमिक अनशन धरने पर बैठे और उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम शाहपुर जिले को बहाल करने का ज्ञापन दिया ।

खारोल समाज के सदस्यों का जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा संयोजक राम प्रसाद जाट , महासचिव कमलेश मुंडेतिया अधिवक्तात्रिलोक चंद नोलखा अनिल शर्मा आशीष पालीवाल चावण्ड सिंह संघर्ष समिति सदस्य रामेश्वर सोलकी सत्यनारायण पाठक सूर्यप्रकाश ओझा राजेन्द्र बोहरा कवि दिनेश बंटी सहित अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया ।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी संयुक्त महासंघ का प्रदर्शन

अजमेर । 11 सूत्रीय मांग और खेमराज चौधरी कमेटी के वेतन विसंगतियों रिपोर्ट के विरोध में शुक्रवार अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों द्वारा जिला कलेक्टर कार्यालय के धरना प्रदर्शन किया गया। महासंघ के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने कमेटी की रिपोर्ट को दो वर्षों तक दबाए रखा और जब उसे सार्वजनिक किया तो यह कर्मचारियो को निराशा हाथ लगी।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष भवानी सिंह राठौड़ व जिला मंत्री दीपक चौधरी ने बताया कि शुक्रवार 11 सूत्रीय मांगों सहित खेमराज कमेटी की रिपोर्ट के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया गया और जिला कलेक्टर लोकबंधु को मुख्य सचिव के नाम का ज्ञापन सौंपा गया है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि खेमराज कमेटी की रिपोर्ट में बहुसंख्यक संवर्गों के वेतन मेंअपेक्षित वृद्धि नहीं की गईए जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। शर्मा का कहा कि राज्य सरकार एक ओर वित्तीय तंगी का हवाला देकर कर्मचारियों की वेतन-वृद्धि पर उचित निर्णय नहीं ले पा रही, जबकि दूसरी ओर अनावश्यक खर्चों के लिए धन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को प्रदेश के सभी विधायकों को उनके परिवार सहित कुंभ स्नान के लिए सरकारी खर्चे पर ले जाया जा रहा है, जिसका महासंघ कड़ा विरोध करता है।

महासंघ की मांग है कि यदि सरकार विधायकों या किसी अन्य प्रतिनिधिमंडल को ऐसे धार्मिक आयोजनों के लिए ले जाना चाहती है तो उसे निजी खर्चे पर ले जाया जाए। प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में मुख्यमंत्री व संबंधित विभागों से मांग की कि कमेटी की रिपोर्ट में सभी संवर्गों के लिए न्यायोचित वेतन वृद्धि सुनिश्चित की जाए।

साथ ही भविष्य में किसी भी आयोग या कमेटी की सिफारिशों को समय पर लागू किया जाए। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने शीघ्र कदम नहीं उठाए तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा।

विद्यार्थी होंगे लाभांवित

अजमेर । राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा कई नवाचार किए हैं। इसके तहत ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है। यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होगी जो किसी कारणवश नियमित पाठ्यक्रमों में भाग लेने में असमर्थ हैं। विश्वविद्यालय शैक्षणिक दायरे का विस्तार करते हुए विभिन्न स्थानों पर ओपन डिस्टेंस लर्निंग और ओपन प्रोग्राम केंद्र स्थापित करने जा रहा है। कुलपति प्रो.आनंद भालेराव ने बताया कि इच्छुक उच्च शिक्षण संस्थान, जिनके पास आवश्यक बुनियादी ढांचा और अनुभव है, वे इन केंद्रों के संचालन के लिए आवेदन कर सकते हैं। यह लर्निंग सेंटर उन छात्रों को शिक्षा से जोडने में मदद करेंगे जो भौगोलिक बाधाओं या अन्य कारणों से पारंपरिक शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते। प्रो.भालेराव ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम्स को प्राथमिकता दी है। इस पहल का उद्देश्य ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो को वर्तमान 28.26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2050 तक 50 प्रतिशत तक ले जाना है।

साइकिल की दुकान में कम्प्रेशर फटा, नहीं हुई जनहानि

- दुकान बंद होने से बाजार में भीड़ नहीं होने से जनहानि नहीं हुई।
- दुकान दो भाई चलाते है

अजमेर । आशा गंज झूलेलाल चौक कुए वाली गली में उस समय हडक़ंप मच गया, जब एक साइकिल की दुकान में रखा हवा भरने का कम्प्रेशर धमाके के साथ फट गया, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई।

गनीमत ये रही कि श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ द्वारा शुक्रवार को आशा गंज सहित अन्य बाजार बंद कर प्रदर्शन किया जा रहा था, दुकान बंद होने से बाजार में भीड़ नहीं होने से जनहानि नहीं हुई।

जन सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि झूलेलाल चौक आशा गंज कुए वाली गली में दोपहर में बंद बाजार में नरेश साईकिल वालों की दुकान में रखा हवा भरने वाला कम्प्रेशर के धमाके के साथ फट गया, जिससे आस पास के लोगों में दहशत फैल गई। दुकान दो भाई चलाते है ।

हादसे के समय दुकान बंद थी। दुकान के ऊपर लाईटिंग बोर्ड भी लगा हुआ था उसमें लगी ट्यूबलाईट धमाके से बोर्ड एवं लाईटें भी क्षतिग्रस्त हो गई। लालवानी ने बताया कि व्यापारिक महासंघ के शुक्रवार को आशा गंज बाजार बंद के चलते क्षेत्र में संचालित दुकानें नगर निगम के यूजर्स चार्जे में के विरोध में बन्द होने से आसपास भी भीड नहीं थी, इसलिए किसी प्रकार की जनहानि और लोगों को क्षति नहीं हुई। व्यापारी प्रतिनिधियों सरदार जगजीत सिंह छाबडा, रमेश लालवानी, मोहम्मद खान, सुनील मोतियानी, महेन्द्र बंसल, पवन बंसल, उमेश शर्मा, मनोज सेन, चितलेश बंसल सहित जन सेवा समिति व सर्वधर्म समिति के पदाधिकारी सहित व्यापारी झूलेलाल चौके के पास ही प्रदर्शन कर रहे थे।

अधिवेशन 9 से अजमेर में

अजमेर । नेशनल ऑर्गनाईजेशन ऑफ ईन्स्योरेन्स वर्कर्स का 19वां अखिल भारतीय वार्षिक अधिवेशन 9 और 10 फरवरी को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सभागृह जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन का उद्घाटन 9 फरवरी को शाम 4 बजे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वसुदेव देवनानी, मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत करेंगे।

संगठन 1969 से राष्ट्रवादी ट्रेड यूनियन के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्य कर रहा है। अधिवेशन में एलआईसी कर्मचारियों के लंबित मुद्दों, अनियंत्रित कंप्यूटरीकरण के खिलाफ संघर्ष, बीमा उद्योग में एफडीआई वृद्धि, पेंशन सुधार, नई भर्ती की मांग, अस्थायी श्रमिकों के स्थायीकरण और पुरानी पेंशन योजना के लिए एक बार के विकल्प पर विचार-विमर्श किया जाएगा। अधिवेशन में एनओआईडब्ल्यू के अध्यक्ष ज्ञानेश परांजपे, कार्यकारी अध्यक्ष एमए बापट और महासचिव अतुल देशपांडे सहित विभिन्न

'अप्रवासी भारतीय के हाथों में हथकड़ी लगाने से भारत का अपमान'

- 'प्रधानमंत्री की खामोशी देश के लिए बेहद शर्मनाक'
- 'कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा की जासूसी के आरोप, भजन लाल सरकार की उलटी गिनती'
- पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने केंद्र और राज्य सरकार को लिया आड़े हाथों

अजमेर/ जयपुर । पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ आज केंद्र की मोदी सरकार और राजस्थान की भजनलाल सरकार पर जमकर बरसे। राठौड़ ने केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार पर दो अलग अलग मुद्दों पर सवाल खड़े किए और दोनों ही सरकारों को आड़े हाथों लिया।

पूर्व आरटीडीसी अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते कहा कि अमेरिका की ओर से अवैध भारतीय नागरिकों के साथ हाथों में हथकड़ी व पैरों में बेड़ियां लगाकर बर्बरतापूर्ण डिपोर्ट करने की कार्रवाई की गई।जो भारत के लिए ये बेहद ही शर्मनाक है।

ये विश्व पटल पर भारत और भारतीयों का अपमान है। उन्होंने कहा कि एक तरफ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अपना मित्र बोलते है और भारत के साथ अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बताते है, क्या यही भारत और अमेरिका की घनिष्ठ विदेश नीति और अच्छे संबंधों की नीति है, जिससे विश्व में भारत को अपमानित होना पड़ा। बावजूद इसके अमेरिका ने भारत के लोगों के साथ जो बर्बरता पूर्वक व्यवहार किया, उससे समूचे देश में गुस्सा है, लेकिन हैरत इस बात की हैं कि भारत के अप्रवासियों के साथ इतनी बड़ी घटना हो गई और भारत के प्रधानमंत्री इस मामले पर कुछ भी नहीं बोल कर चुप्पी साधे हुए है। वहीं राठौड़ ने राजस्थान की भजन लाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजस्थान सरकार के ही कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने अपनी ही सरकार और मुख्यमंत्री भजन लाल पर फोन टेपिंग, जासूसी कराने और उनके पीछे सीआईडी लगाने का बड़ा गंभीर आरोप लगाया है। यह एक गंभीर विषय है। मतलब साफ है जब भाजपा सरकार अपने ही मंत्रियों के फोन टेपिंग करवा सकती है तो विपक्ष के साथ किस तरह का बर्ताव हो रहा होगा और प्रदेश की जनता की हालत क्या होगी।

जाहिर है अब पर्ची सरकार की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। कभी मुख्यमंत्री के खिलाफ विधायक आग उगल रहे है तो कभी भाजपा नेता अपनी पार्टी को कोस रहे है। विधानसभा में भी इस मामले लेकर जमकर हंगामा हुआ और मुख्यमंत्री का इस्तीफा भी मांगा गया है, जो भजनलाल सरकार की बड़ी नाकामी ही कहा जा सकता है, जिनका अपने मंत्रियों पर कंट्रोल नहीं है।

मीटर लैब की मान्यता 4 वर्ष बढ़ी

अजमेर । अजमेर विद्युत वितरण निगम द्वारा स्थापित की गई प्रदेश की पहली हाईटेक मीटर टेस्टिंग लैब की मान्यता प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड द्वारा 4 वर्ष तक बढ़ा दी गई है। इस मीटर लैब में स्मार्ट मीटर सहित सभी तरह के मीटर की टेस्टिंग की जा सकती है। चार वर्ष की अवधि बढ़ जाने से अजमेर डिस्कॉम क्षेत्र के उपभोक्ताओं की जांच इस लैब में और अधिक गुणवत्ता के साथ हो सकेगी। प्रबंध निदेशक के पी वर्मा ने बताया कि उच्च गुणवता पूर्ण मीटरों की जांच हेतु अजमेर डिस्कॉम की नाका मदार अजमेर स्थित हाई टैक मीटर टेस्टिंग लैब एनएबीएल द्वारा मान्यता प्राप्त टेस्टिंग एवं कैलिब्रेशन लैब है। जिसकी आईएसओ आईईसी 17025-2017 की अनुपालना के अनुसार एनएबीएल के विशेषज्ञों की टीम द्वारा लैब की ऑडिट की गई। सभी मानकों पर खरे उतरने पर मान्यता वर्ष 2029 तक बढ़ा दी गयी है। उन्होंने बताया कि ऑडिट के दौरान विशेषज्ञों ने लैब की स्कोप में स्मार्ट मीटर आईएस 16444 (पार्ट-2) के अनुसार प्रमाणिकता में वृद्धि की है।

स्वामी रामचरण जयंती का पोस्टर जारी

अजमेर (कासं)। अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक एवं विजयवर्गीय समाज के आराध्य स्वामी रामचरण महाराज की 305 वी जयंती के पोस्टर का विमोचन आज रामस्नेही रामकिशोर गर्ग द्वारा किया गया।

अखिल भारतीय विजयवर्गीय महिला संगठन की राष्ट्रीय सलाहकार आभा गांधी ने बताया कि 11 फरवरी को रामचरण जयंती श्रद्धा एवं उमंग के साथ मनाई जाएगी। इस दिन प्रात: 6.15 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी , जो गंज महावीर सर्किल स्थित संन्यास आश्रम से प्रारंभ होगी, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई पुन: संन्यास आश्रम समाप्त होगी।

तत्पश्चात स्वामीजी के जीवन दर्शन एवं उनके सत साहित्य पर चर्चा होगी । कार्यक्रम संयोजक शारदा विजय ने बताया कि मंगलवार को सांय 5.15 बजे वैशालीनगर स्थित बड़कालेश्वर मंदिर में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। साथ ही भजन गायन कार्यक्रम होगा।

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के प्रवर्तक स्वामी रामचरण महाराज का पोस्टर का विमोचन रामस्नेही रामकिशोर गर्ग (बीच में) ने किया।

विमोचन के अवसर पर शारदा गर्ग, अजय सोमानी, साधना खंडेलवाल, राजेंद्र गांधी, अशोक जैन, सुशील खंडेलवाल, डॉ वाई एस झाला, किरण जैन, भागू इसरानी, जे के जैन सहित अन्य मौजूद थे।

मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा। भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ, आशा सहयोगिनी कर्मचारी संघ, ठामसाथीन कर्मचारी संघ, मिड-डे मिल व भीलवाड़ा की सैकड़ों बहनें ने प्रभाष चौधरी वरिष्ठ श्रमिक नेता भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश विधिक सलाहकार एवं हरीश कुमार सुवालका जिला मंत्री भामस के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट के बाहर एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम स्थाईकरण, ठोज्युटी, पेंशन, मानदेय बढ़ोतरी को लेकर ज्ञापन दिया।भामस एवं आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष रंजनी शक्तावत एवं महामंत्री कमलेश हाड़ा, ठाम साथिन संघ की माया प्रजापत, आशा सहयोगिन संघ की मंजू सुवालका, मिड-डे-मिल की रामू देवी ने राज्य सरकार को इस ज्ञापन के माध्यम से अपने चुनाव से पूर्व किये गये वादों को याद दिलाया और कहा कि केन्द्र और राज्य की सरकार ने सभी स्कीम वर्कस को 13000 मानदेय देने की बात पूरी नहीं की।

सार-समाचार

भारतीयों के अमेरिका से डिपोर्ट मुद्दे पर कांग्रेस का प्रदर्शन

अजमेर । अमेरिका द्वारा वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को सेवा के विमान से भारत वापस भेजने के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर शुक्रवार को अजमेर में भी शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कलेक्टर पर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कलेक्टर लोक बंधु को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर भारतीय नागरिकों के अपमान और व्यवहार को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की केंद्र सरकार से मांग की। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्रेट पर सिविल लाइन थाना पुलिस का जाब्ता मौजूद रहा। अंकुर त्यागी ने बताया कि शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर कांग्रेसियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विजय जैन कहा कि अमेरिका की ट्रंप सरकार भारतीय नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार किया हैए इस मुद्दे को लेकर ही को देश में रोष और गुस्सा है। कांग्रेस पार्टी अमेरिका द्वारा निर्वासित भारतीय नागरिकों के साथ कथित अमानवीय व्यवहार और इस मुद्दे पर सरकार के कमजोर रुख का कड़ा विरोध करने के लिए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया है। जैन ने बताया कि अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारतीय नागरिकों के साथ भयानक दुर्व्यवहार को लेकर पूरे देश में व्यापक शर्म और गुस्सा है। जो लोग भारत को विश्व गुरु बनाने का सपना दिखा रहे थे वह अब क्यों चुप हैघ् भारतीय नागरिकों को गुलाम की तरह हाथ में हथकड़ी लगाकर और अमानवीय हालत में भारत भेज दिया गया। जैन ने कहा कि विदेश मंत्रालय क्या कर रहा हैघ् सरकार ने महिलाओं और बच्चों को इस अपमान से बचाने के लिए क्या कियाघ् अमेरिका ने हमारे नागरिकों के साथ अमानवीय व्यवहार किया हैए जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है। जैन ने कहा कि यह कार्रवाई भारत सरकार के हस्तक्षेप के बिना की जा रही है। भारत सरकार ने अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों के साथ किए गए अमानवीय व्यवहार की निंदा क्यों नहीं की है। विदेश मंत्रालय विदेश में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए क्या कार्रवाई कर रहा है? जैन ने कहा कि इसे लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देकर केंद्र की भाजपा सरकार से भारतीय नागरिकों के अपमान और दुर्व्यवहार को रोकने के लिए अति शीघ्र सभी आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

जैविक खेती प्रशिक्षण प्राप्त किया

भीलवाड़ा। जिले के हमीरगढ़ उपखंड में स्थित स्वरूपगंज ठाम पंचायत व कल्याणपुरा एवम् दर्री के 34 किसानों ने कोटा स्थित गोयल ग्रामीण विकास संस्थान के अंतर्गत संचालित श्री राम शांताय जैविक कृषि अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र में एकदिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक महेश नवहाल ने बताया कि सरोजदेवी (एस डी) फाऊंडेशन व अपना संस्थान के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए किसान बड़े तड़के यहां से रवाना हुए। इन किसानों के साथ स्वरूपगंज ग्राम पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी प्यारेलाल शर्मा एवं उप सरपंच प्रतिनिधि व समाजसेवी देवेंद्र सिंह चुंडावत भी थे। वहां पहुंचकर पूरे दिन विभिन्न नवाचारों को देखा। संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक पवन टांक ने अपने सहयोगी वैज्ञानिकों के साथ मिलकर किसानों को सरल खाद बनाना, सरल हाई पावर स्प्रे तैयार करना एवं देसी गाय के गोबर को कल्चर के रूप में अपने फसलों व फलीय बागानों को ताकत देने के लिए प्रयोग करने की विधि सिखाया। संस्थान में स्थित विभिन्न नवाचारों में पोषण वाटिका, फूलों के पौधों की खेती, अनाजों में विभिन्न किस्म की खेती, सब्जियां ,औषधीय पौधों के रोपण के बारे में अत्यंत उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन किसानों ने जैविक खेती के साथ-साथ अपने पशुधन को उत्तम तरीके से पालने की विधि भी समझी। वर्तमान खेती में पेस्टीसाइड व रसायनों के हानिकारक कुप्रभावों के बारे में चर्चा की। प्रशिक्षण के पश्चात किसानों ने संकल्प व्यक्त किया कि हम हमारे परिवार की आवश्यकता की खेती को जैविक खेती में बदलेंगे साथ ही अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस प्रशिक्षण के पश्चात किसानों का एक व्हाट्सएप ठ्रुप भी बनाया गया जिसके माध्यम से वे संस्थान के वैज्ञानिकों से खेती संबंधी समस्या का जैविक समाधान प्राप्त कर सकेंगे। इन किसानों में सुरेंद्र सिंह चुंडावत, गोपाल लाल वैष्णव, मदनलाल वैष्णव ,भवानीराम बेरवा, गोपीलाल बेरवा, मिठू लाल रेबारी, शंकर लाल गाडरी, भगवान लाल गुर्जर ,कैलाश गुर्जर, उदयलाल गुर्जर, जमना दरोगा एवं मोतीलाल जाट, सत्यनारायण गाडरी ,कैलाश पारीक, रामेश्वर गाडरी आदि शामिल थे।

छात्रों की रही यादगार शैक्षिणक यात्रा

भीलवाड़ा। संगम विश्वविद्यालय के भू-सूचना विज्ञान विभाग के छात्रों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रिमोट सेंसिंग अन्वेषण के लिए हाल ही में अहमदाबाद में विक्रम साराभाई स्पेस एक्स्हिबिशिन (वीएसएसइ) का दौरा किया। विभाग के प्रमुख डॉ. लोकेश कुमार त्रिपाठी द्वारा आयोजित इस शैक्षिक दौरे ने भारत की अंतरिक्ष प्रगति में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। यात्रा की शुरुआत रिमोट सेंसिंग, उपठाहों , चंद्रयान-3 और मंगल मिशन सहित भारत के प्रमुख अंतरिक्ष मिशनों पर सत्रों के साथ हुई। छात्रों ने इसरो के नवाचारों का प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करते हुए, वास्तविक रॉकेट अवयव को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) पर एक सत्र में भारी पेलोड लॉन्च करने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने भारत के नेविगेशन सिस्टम, नेविक के बारे में भी सीखा, जिसका नाम माननीय प्रधान मंत्री ने अप्रैल 2016 में रखा था, जो एक भारत को स्वतंत्र जीपीएस विकल्प प्रदान करता है।

जायरीन का इस्तकबाल किया

भीलवाडा । चपरासी कोलोनी भीलवाडा से मक्का मदीना में मुकद्दस सफर उमराह पर जाने वाले जायरीनो का माला साफा शॉल पहनाकर इस्तकबाल किया।

NAME CHANGE

I, Army No. JC-734232X, SUB, Lavate Sanjay Bhimarao, Residing Vill-Lavatewadi, Po-Ghotavade, Teh-Panhala, Dist-Kolhapur, Maharashtra, 416230 have change my Daughter's Name from Shreya to Shreya Sanjay Lavate vide Affidavit No. BW753594 Dt 07/02/2025 before Court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Jankee Lavate Spouse of Army No. JC-734232X, SUB, Lavate Sanjay Bhimarao, Residing Vill-Lavatewadi, Po-Ghotavade, Teh-Panhala, Dist-Kolhapur, Maharashtra, 416230 have change my Name from Jankee Lavate to Jankee Sanjay Lavate vide Affidavit No. BW753595 Dt 07/02/2025 before Court campus Nasirabad

अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भिवराज हजारीमल शर्मा पुत्र हजारीमल शर्मा ग्राम घूघरा, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 505 प्लाट नंबर 17 में क्षेत्रफल 144.66 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम्बन्ध में आपति हो तो आम सुचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्रस्तुत करें अन्यथा नियमन कारवाही कर दी जायेगी।
(उपायुक्त उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर
लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्री पृथ्वीपाल सिंह राठौड़ पुत्र स्व: किशन सिंह राठौड़ ग्राम नौसर, तहसील अजमेर के वर्किंग खसरा नंबर 636, प्लाट नंबर 13-क्रमें क्षेत्रफल 101.31 वर्गगज के भूखंड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के सम्बन्ध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपति आमंत्रित की जाती है। अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के सम